हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 12 अक्टूबर 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

4
एकता की अद्भुत मिसालः कोतबा नगर में एक ही जगह पर विराजती हैं मां दुर्गा



खबर संक्षेप

नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत होंगे विशेष जागरूकता कार्यक्रम

जशपुरनगर। समाज कल्याण संचालनालय, रायपुर के निर्देशानुसार जिले में नशामुक्त भारत अभियान 2026-27 अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग कार्ययोजना तैयार की गई है। जारी कार्ययोजना अनुसार अक्टूबर में युवाओं को खेल एवं अन्य गतिविधियों से जोड़ने, जनवरी 2027 के प्रथम पखवाड़े में विद्यालय, महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, मार्च में नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का मूल्यांकन, जुलाई में नशामुक्त कैम्पस की स्थापना तथा अगस्त 2027 में पुनः विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी विभागों को कार्यक्रम के दौरान छडठ। लोगो, शुभंकर, तथा डडै रजिस्ट्रेशन का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य अलंकरण हेतु प्रस्ताव 12 तक आमंत्रित

जशपुरनगर। राज्योत्सव पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदान किये जाने वाले राज्य अलंकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। कार्यालय कलेक्टर वरिष्ठ लिपिक शाखा जिला जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष राज्य स्तरीय पुरस्कार के तहत पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान, यतियतन लाल सम्मान तथा अखिल भारतीय पुरस्कार के तहत महाराजा अग्रसेन सम्मान प्रदान किया जाना है। वर्ष 2026 के लिए उक्त पुरस्कार हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव तैयार कर नियत तिथि तक शासन को प्रेषित किया जाना है। इस हेतु जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को निर्देशित किया गया है कि योग्य व्यक्तियों का नामांकन प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में तैयार कर अंतिम तिथि 12 अक्टूबर सायं 5.30 बजे तक कलेक्टर कार्यालय जशपुर में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रस्ताव शासन को समय पर भेजा जा सके।

पोषण पुनर्वास केंद्र में खाद्य सामग्री का वितरण



जशपुर। नगर के पोषण पुनर्वास केंद्र के सभी बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में उनकी माताओं के साथ उनके पोषण पूर्ति हेतु रखा गया है ताकि इन बच्चों को पूरक पोषण आहार मिले और सभी बच्चे जल्दी स्वस्थ हो सके। उनके माता के इस तरह परिवार को छोड़कर छोटे बच्चों के साथ रहने से उनके घर का कार्य भी प्रभावित हो रहें हैं तब इनके सहयोग हेतु संकल्प, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार मार्गदर्शन मंच छत्तीसगढ़ की जिला टीम इनके सहयोग हेतु आगे आए हैं टीम के सभी सदस्यों ने मिलकर प्रत्येक बच्चों को पोषण युक्त आहार दलिया, दूध, ब्रेड, बिस्किट और केला प्रदान किया गया। जिसे पाकर सभी बच्चों के चेहरे पर मुस्कान एवं माताओं के चेहरे पर संतुष्टि था इन सभी संकल्पित सदस्यों का कहना है हम सभी शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे जिसकी शुरुआत हमने जिला अस्पताल से किए, पोषण युक्त आहार को हम इन परिवार के प्रदान करने से किए है, हम इन वस्तुओं को बच्चों को प्रदान कर समाज में ये संदेश देना चाहते हैं कि आइए इन परिवारों का सहयोग कीजिए जिस तरह आज हम इन्हें पोषणयुक्त पदार्थ प्रदान किए उसी प्रकार प्रतिदिन यदि इन्हें इसी प्रकार पोषण युक्त चिजे बच्चों को मिले तो यह जल्दी स्वस्थ होकर अपने घर जा सके जिससे ज्यादा दिन परिवार से दूर रहने से इनके परिवार का काम व परिवार प्रभावित न हो । हम सब इसकी शुरुआत कर दिए। अब यह टीम प्रत्येक माह अलग अलग जगहों पर जाकर काम करेगी। जिले की टीम में जिला संयोजक सरिता नायक, जिला सचिव संतोषी डनसेना, उपाध्यक्ष मीना सिन्हा, कोषाध्यक्ष सिरमती चौहान ब्लाक संयोजक में कुनकुरी से गीता जांगड़े, फरसाबहार से ममता चौहान दुलदुला से रेणु प्रधान एवं सदस्यों समावती सांडिया, पूनम भगत और अन्य साथी शामिल थे।

सत्यनारायण मंदिर में पूजा के बाद विराजमान हुईं दुर्गा

कलश यात्रा के साथ नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर के हृदय स्थल बाजारपारा में शारदीय नवरात्रि का आगाज बड़े ही भव्य और भक्तिमय माहौल में हुआ। बाजारपारा दुर्गा चौक पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत सुबह विशाल कलश यात्रा के साथ हुई।

सुबह 8 बजे से ही दुर्गा चौक में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सिर पर लाल चुनरी, माथे पर बिंदी और सिर पर कलश लिए सैकड़ों सुहागिन महिलाओं, कन्याओं और युवतियों की कतार देखते ही बन रही थी। बाजारपारा दुर्गा चौक से शुरू हुई यह भव्य कलश यात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पत्थलगांव के सुप्रसिद्ध सत्यनारायण मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते डीजे पर भक्ति गीत, ढोल-नगाड़े और ₹प्रेम से बोलो जय माता दी₹ के गगनभेदी जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। जगह-जगह नगरवासियों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सत्यनारायण मंदिर पहुंचने के बाद वहां नगर के पंडित रामभक्त शर्मा द्वारा विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और शंख-ध्वनि के साथ कलशों की पूजा-अर्चना कराई गई। महाराज जी ने सभी कलशों में पवित्र जल, आम के पत्ते और नारियल रखकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की।पूजा-अर्चना के पश्चात सभी श्रद्धालु पुनः पवित्र जल से भरे कलशों को सिर पर धारण कर वापस बजारपारा माँ दुर्गा चौक लौटे।विराजमान हुईं 'दुर्गा चौक की महारानी' चौक पर लौटने के बाद महाराज जी के सानिध्य में ही दुर्गा की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई।



फूलों, बिजली की झालरों और आकर्षक सजावट से सजे दरबार में जैसे ही माता की प्रतिमा विराजमान हुई, पूरा पंडाल मां अम्बे के जयकारों से गूंज उठा। इस कलश यात्रा में समिति के कालू मधुबन, मुकेश अग्रवाल ,प्रदीप ठाकुर, दिनेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता, बंटी, देवेश, दीपक,नीरज, अजय पार्षद, अंकित बंसल, सतीश, संतोष भाचा, दीनू लंगड़ा ,अक्षत अग्रवाल ,संजय बंगाली ,मनमोहन दादी, नवीन अग्रवाल ,टोनी, रिंकू ,आर्यन ,पिंटू ,कपिल, विक्की ,टिंकू सामंत ,नमन, विकास सहित सभी भक्त मौजूद रहे।

नारायणपुर में निकली भव्य कलश यात्रा

जशपुरनगर। जिले के नारायणपुर में शारदीय नवरात्र पर रविवार को भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नारायणपुर के सौजन्य से मां दुर्गा की आराधना के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी 201 महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा ने गांव में नवरात्र पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक छटा बिखेर दी।

- कपरी नदी से जल लाकर विधि-विधान से हुई कलश स्थापना

शारदीय नवरात्र में कलश यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। यह मां दुर्गा के स्वागत, शक्ति की उपासना और सुख-समृद्धि की मंगलकामना का प्रतीक है। कलश को पवित्रता, शुभता और जीवनदायिनी ऊर्जा का प्रतीक मानकर उसकी स्थापना की जाती है। नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाली देवी आराधना का विधिवत शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा की शुरुआत नारायणपुर स्थित दुर्गा पंडाल से हुई। सिर पर कलश धारण कर निकलीं महिलाओं और युवतियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल हुए। गांव की परिक्रमा करते हुए यात्रा कपरी नदी के तट पर पहुंची। यहां आचार्य सुमित दास और संजू नन्दे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से कलश में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए कलश लेकर दुर्गा पूजा स्थल की ओर रवाना हुए। पूरे रास्ते भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की भागीदारी ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। कलश यात्रा के दौरान नारायणपुर पुलिस की सक्रियता देखने को मिली। यात्रा की शुरुआत से लेकर समापन तक पुलिस जवान श्रद्धालुओं के साथ मौजूद रहे और पूरे मार्ग पर व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे।



दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क

जशपुरनगर। जशपुर में दशहरा उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने अधिकारियों को उत्सव के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था और यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री व्यास ने दशहरा उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पूजा स्थलों की साफ-सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

- रणजीता स्टेडियम में बैरिकेडिंग, अग्निशमन और मेडिकल की रहेगी व्यवस्था

उन्होंने बेलवरन जुरगुम, मां काली मंदिर, श्री बालाजी मंदिर सहित अन्य पूजा स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्त्र-शस्त्र और पूजन स्थलों की सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। रथ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए यात्रा मार्ग की साफ-सफाई, रास्ते में आने वाली पेड़ों की झुकी डालियों की छंटाई तथा रथ की तकनीकी जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। वहीं विद्युत विभाग को पूजा स्थलों और कार्यक्रम मार्गों से गुजरने वाली बिजली लाइनों की जांच करने तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुरक्षित बनाए रखने को कहा गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, विभिन्न विभागों के अधिकारी, दशहरा उत्सव समिति जशपुर से कृष्ण कुमार राय, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, परमानन्द मिश्रा, नरेश नन्दे, मनोज रमाकांत मिश्र सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जशपुर में अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिले में अध्ययनरत विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच ,नवाचार और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले में अंतरिक्ष विज्ञान , तकनीक और प्रौद्योगिकी के अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए अन्वेषण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरिक्ष संगवारी एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग इनीशिएटिव आयोजित होने जा जा रहा है। जिला प्रतिभा खोज, मिनी प्रोजेक्ट, साक्षात्कार और अंतरिक्ष विज्ञान प्रशिक्षण शिविर जैसी गतिविधियां इसमें होनी हैं।



- 10 हजार विद्यार्थियों की होगी जिला प्रतिभा खोज परीक्षा

कार्यक्रम के तहत 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग, 200 विद्यार्थियों के मिनी प्रोजेक्ट तथा 100 चयनित विद्यार्थियों के लिए अंतरिक्ष केंद्र रायपुर में छह दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाना है। इसके साथ ही चयनित 50 विद्यार्थियों के लिए बेंगलुरु स्थित इसरो केंद्र शैक्षणिक भ्रमण कराया जाना है। जिसमें अंतरिक्ष यात्री के साथ सत्र भी शामिल होगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण जिला प्रतिभा खोज के अंतर्गत अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित विषयों पर 14 अक्टूबर 2026 को पूरे जशपुर जिले में वृहद स्तर पर लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। 192 परीक्षा केंद्रों में 10000 से अधिक विद्यार्थी इसमें सम्मिलित होंगे। प्रदर्शन के आधार पर 200 विद्यार्थियों का चयन मिनी प्रोजेक्ट के लिए किया जाएगा। इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ़ यंग माइंड फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

कुनकुरी में हाथी का उत्पात, कई जगह तोड़ीं दीवारें

होलीक्रॉस अस्पताल, गिरजाघर और लोयोला कॉलेज परिसर में मचाई तबाही
वन विभाग ने जारी किया अलर्ट, हाथी से दूरी बनाए रखने की अपील





जशपुरनगर। नगर में रविवार तड़के एक नर दंतैल हाथी के अचानक प्रवेश करने से लोगों में दहशत फैल गई। लोटापानी जंगल से नवाटोली होते हुए नगर में पहुंचे हाथी ने होलीक्रॉस अस्पताल परिसर में उत्पात मचाया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर लोयोला कॉलेज परिसर में जा घुसा। इस दौरान हाथी ने कुनकुरी गिरजाघर, पुराने डाकघर, लोयोला कॉलेज और आसपास के कई मकानों की चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया। उत्पात मचाने के बाद हाथी बरोबहार जंगल की ओर निकल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6 बजे नगर में दंतैल हाथी के पहुंचने की जानकारी सामने आई। हाथी लोटापानी जंगल से नवाटोली के रास्ते आबादी वाले क्षेत्र में दाखिल हुआ था। सबसे पहले उसने होलीक्रॉस अस्पताल परिसर में दस्तक दी। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते हुए लोयोला कॉलेज के अहाते में पहुंच गया। हाथी ने रास्ते में कई स्थानों पर दीवारों को नुकसान पहुंचाया। अचानक हाथी के नगर में पहुंचने से लोगों में भय का माहौल बन गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

बार-बार बस्ती में पहुंच रहा हाथी

बताया जा रहा है कि दंतैल हाथी बार-बार जंगल से निकलकर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ रहा है। इससे नगर और आसपास के इलाकों में लोगों की चिंता बढ़ गई है। हाथी की आवाजाही को देखते हुए वन विभाग की टीम लगातार उसके विचरण पर नजर रख रही है, ताकि लोगों को सतर्क किया जा सके और किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

हाथी को न छेड़ें, दूरी बनाए रखें

वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेन्द्र होता ने बताया कि वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर नजर रख रही है। उन्होंने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि हाथी के पास जाने, उसे भगाने के लिए पत्थर मारने, शोर मचाने या किसी अन्य तरीके से परेशान करने का प्रयास न करें। ऐसा करने पर हाथी आक्रामक हो सकता है।

फोटो व वीडियो बनाने की मनाही

उन्होंने लोगों से हाथी के करीब जाकर फोटो खींचने और वीडियो बनाने से बचने की भी अपील की। विशेष रूप से बच्चों को अकेले बाहर नहीं भेजने और हाथी दिखाई देने पर सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है।

भक्ति संगीत से सजेगी अक्स गरबा महोत्सव की महफिल



जशपुरनगर। शहर के श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित अक्स गरबा महोत्सव में इस बार देश के प्रसिद्ध भजन गायक भक्ति संगीत की प्रस्तुति देगें। इसके साथ ही आयोजकों की ओर से प्रतिभागियों के लिए विशेष आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था भी की गई है। इस चार दिवसीय गरबा उत्सव के लिए इन दिनों पूर्वाभ्यास पूरे जोर-शोर से चल रहा है। आयोजक समिति के किशोरी लाल बरेठा ने बताया कि चार दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 16 से 19 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके लिए आयोजन स्थल को तैयार करने में कार्यकर्ता जुटे हुए है। उन्होनें बताया कि आयोजन में उमड़ने वाले दर्शकों की भीड़ और प्रतिभागियों की संख्या को देखते हुए,आयोजन स्थल पर लाईट, साउंड, पानी और सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था समिति की ओर से की जा रही है।

अक्स गरबा महोत्सव में इस बार भी देश के प्रसिद्ध कलाकार भक्ति संगीत की प्रस्तुती देगें। समिति के संयोजक तरूण शर्मा और सुनिल सिन्हा ने बताया कि टीवी में आने वाले प्रसिद्ध संगीत कार्यक्रम सुर संग्राम की विजेता अर्चना गोस्वामी के साथ शुभम भास्कर और महाराष्ट्र के मुंबई से तत्शा गुप्ता की सुरली स्वरों से भक्ति संगीत की महफील सजेगी। इन दिग्गज कलाकारों के नाम की घोषणा होने के साथ ही शहरवासियों में गरबा उत्सव को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है।

प्रतियोगिताओं में महिलाओं, बच्चों ने लिया उत्साह के साथ हिस्सा

अग्रसेन जयंती पर निकली शोभायात्रा, रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

महाराज अग्रसेन की जयंती के मौके पर शहर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस बार भी शोभायात्रा को भव्य स्वरूप में निकाला गया था। जिसमें महाराज अग्रसेन की भव्य झांकियों के साथ ही वरिष्ठजनों,बच्चों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग इसमें शामिल हुए।

अग्र समाज के पुरोधा महाराजा अग्रसेन की जयंती प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाई जाती है। इस मौके पर यहां 1 सप्ताह तक विविध सामाजिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी करीब एक सप्ताह तक विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग यहां तक कि महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें विजेता प्रतिभागियों का निर्णायक मंडल द्वारा चयन किया गया। सोमवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शाम करीब 5 बजे शोभायात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ हुई। आगे आगे युवाओं का हुजूम अग्रध्वज लेकर चल रहा था। शोभायात्रा के लिए भव्य झांकियां तैयार की गई थीं। विशाल झांकी में महाराज अग्रसेन का भव्य चित्र सजाया गया था जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जा रहा था। अग्रवाल समाज के वरिष्ठजनों को सुसज्जित वाहन में सवार कराया गया था जिसमें उन्हें बिठाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। सबसे अंत में महिलाओं का रैला था। अग्रवाल समाज के प्रत्येक घर से महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर इसमें शामिल हुईं थीं। महिलाओं ने भी अपने हाथों में अग्रपताका थाम रखी थी वहीं महिला,पुरूष एवं बच्चे सभी ⏭ शेष पेज 2 पर



जगह-जगह हुआ स्वागत

महाराज अग्रसेन स्वर्ण जयंती महोत्सव की शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। अंबिकापुर रोड पर अग्रवाल समाज के प्रमुख जनों के साथ ही बसस्टैंड के समीप तथा हरियाणा पंचायती धर्मशाला के समीप अलग अलग समाज के लोगों के द्वारा शोभायात्रा के स्वागत की व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह महिलाओं ने महाराज अग्रसेन की आरती उतारी और अपनी कुलपुरूष से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का वरदान मांगा। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान भी कराया गया।

कुनकुरी में आर्ट ऑफ लिविंग का पांच दिवसीय शिविर शुरू



जशपुरनगर। नगर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में पांच दिवसीय ध्यान, योग एवं तनावमुक्ति कार्यशाला की शुरुआत हुई। 10 अक्टूबर से शुरू हुआ यह शिविर 14 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे तक प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया जा रहा है। शिविर के पहले दिन नगर के युवाओं, महिलाओं और प्रबुद्ध नागरिकों सहित 35 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यशाला का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक चितरंजन महापात्रे और ललिता महापात्रे कर रहे हैं। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित ⏭ शेष पेज 2 पर

खबर संक्षेप



नवयुवक दुर्गा मंडल की हुई वार्षिक बैठक, अध्यक्ष बने राजेश अग्रवाल

सूरजपुर। नगर की धार्मिक एवं सेवाभावी अग्रणी संस्था नवयुवक दुर्गा मंडल की वार्षिक कार्यकारिणी बैठक मां के दरबार दुर्गा पंडाल परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने सर्वसम्मति से राजेश अग्रवाल राजू को पुनः नवयुवक दुर्गा मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया। वे लगातार 18 वर्षों से अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह उनके अध्यक्षीय कार्यकाल का 19वां वर्ष होगा। बैठक में श्री नवयुवक दुर्गा मंडल के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को और अधिक व्यवस्थित तथा व्यापक बनाने के उद्देश्य से 48 सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। सभी सदस्यों की सहमति से नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। नवीन कार्यकारिणी में मार्गदर्शक धर्मवीर अग्रवाल, मंडल प्रमुख मदनलाल गोयल, अध्यक्ष राजेश अग्रवाल राजू, कोषाध्यक्ष घनश्याम बंसल, सचिव हूलेश्वर प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक नरेश बंसल एवं प्रवक्ता गैबीनाथ साहू को दायित्व सौंपा गया। इसी क्रम में पूजा प्रभारी के रूप में अश्वनी पांडेय, ललित अग्रवाल एवं वीरेंद्र गर्ग, झांकी प्रभारी के रूप में विनोद मित्तल एवं नंदकिशोर ठाकुर, साउंड प्रभारी प्रेमशंकर सोनी तथा सह प्रभारी के रूप में राजेश साहू, धर्मपाल राजवाड़े, मनोज गुप्ता, अनंत राम साहू एवं प्रेम ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई। वहीं राजेश साहू को कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया गया। नवयुवक दुर्गा मंडल के प्रमुख मदनलाल अग्रवाल ने बताया कि सदस्यता अभियान नवरात्रि की प्रथम तिथि तक जारी रहेगा। इस वर्ष श्री नवयुवक दुर्गा मंडल अपना 40वां वार्षिक उत्सव नवरात्रि की सप्तमी तिथि को धूमधाम से मनाने की तैयारी कर रहा है। आयोजन में मंडल के भजन गायकों के साथ आमंत्रित बाहरी कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए मंडल के पदाधिकारी और सदस्य उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटे हैं।

नदी से रेत निकालकर खपा रहे शहर सहित सीमावर्ती राज्यों में

बाकी नदी में सक्रिय हुए रेत तस्कर हर रोज अवैध रूप कर रहे रेत तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बारिश थमने के बाद एक बार फिर रेत माफिया प्रतापपुर क्षेत्र में सक्रिय हो गए है जो न सिर्फ नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे है बल्कि रेत का भंडारण कर आसपास सहित अन्य प्रदेशों में खपाने का कार्य कर रहे है। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र से हर रोज बड़ी मात्रा में वाहनों से रेत उत्खनन का कार्य किया जा रहा है बावजूद इसके विभाग चुप्पी साधे हुए है। क्षेत्र के बांक नदी और पतरंगी नदी से बड़ी मात्रा में रेत उत्खनन कार्य जारी है। ऐसे में विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है जो बेधड़क रेत उत्खनन करने में लगे हुए है।

खास बात

- हाईवा, ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों में सड़क किनारे किया जा रहा भंडारण

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत बांकी नदी से रेत की अवैध उत्खनन लंबे समय से जारी है। बारिश होने के दौरान रेत उत्खनन काफी हद तक बंद था लेकिन बारिश बंद होने के बाद क्षेत्र में रेत तस्कर न सिर्फ सक्रिय हो गए बल्कि नदी से बड़े पैमाने पर रेत उत्खनन करने में लग गए है। हर रोज नदी से हाइवा व ट्रैक्टरों से धड़ल्ले से बालू लोड कर आसपास क्षेत्र में खपाया जाता है। स्थानीय जीवनदायिनी बाकी नदी सहित पतरंगी नदी में मिशन स्कूल के नीचे से बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है। ट्रैक्टरों के माध्यम से नदी से रेत निकालकर उसे टुकुडांड़ रोड स्थित राइस मिल रोड के किनारे जमा किया जा रहा है। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से अंबिकापुर और उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले हाईवा एवं ट्रक जैसे भारी वाहनों में रेत लोड कर बिक्री की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप नदी से ट्रैक्टरों के जरिए रेत निकालने और सड़क किनारे उसका भंडारण करने का काम बेखौफ तरीके से जारी है। इसके बाद भारी वाहनों में रेत लोड कर दूसरे क्षेत्रों में भेजे जाते है। यह गतिविधियां बिना वैध अनुमति के संचालित हो रही हैं, इससे शासन को रॉयल्टी एवं अन्य राजस्व के रूप में भारी नुकसान हो रहा है।



ट्रैक्टर से भण्डारित करते रेत।

लीज नही फिर भी कर रहे उत्खनन

बाकी नदी के अलावा आसपास नदी से बालू का न तो लीज है न खनन का आदेश इसके बावजूद रेत तस्कर इन क्षेत्र से अवैध खनन करने में लगे हुए है। नदी से अवैध रेत उत्खनन से शासन प्रशासन को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। रेत उत्खनन का किसी प्रकार का लीज नहीं होने के बाद भी बालू की चोरी धड़ल्ले से जारी है। रेत तस्कर द्वारा आसपास के नदियों से बालू निकालने के बाद अब प्रतापपुर के बाकी नदी पर पड़ी हुई है जहां हर रोज बड़ी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन कर रहें है।

गर्मी के मौसम में गिर जाता है जल स्तर

नदी से अवैध उत्खनन करने से इसका असर अब जल स्तर पर भी पड़ने लगा है। प्रतापपुर क्षेत्र के बाकी नदी से लंबे समय से किए जा रहे रेत का अवैध उत्खनन के कारण गर्मी के मौसम में क्षेत्र का जल स्तर काफी नीचे गिर जाता है जिससे जलस्तर नीचे चले जाने से पानी की भी किल्लत नगर में बढ़ जाती है। इसके अलावा खेती किसानी में भी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जांच व कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने खनिज विभाग और जिला प्रशासन से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बाकी नदी एवं पतरंगी नदी में रेत उत्खनन की स्थिति, सड़क किनारे किए गए कथित भंडारण और भारी वाहनों में की जा रही लोडिंग की जांच की जाए। यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

दिए जाएंगे दिशा निर्देश

बाकी नदी से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है तो खनिज विभाग और राजस्व विभाग के अलावा पुलिस को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। मौके की जांच कर रेत तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-रैना जमील, कलेक्टर सूरजपुर

बिश्रामपुर करंजी ट्रैक पर मेमू ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर अनूपपुर रेल पथ पर बिश्रामपुर स्टेशन से करंजी स्टेशन की तरफ माइनर्स कॉलोनी समीप गुजरे रेल ट्रैक में शनिवार को मेमू ट्रेन की चपेट में आकर 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई।

स्टेशन प्रबंधक की सूचना पर मौके पर पहुंची बिश्रामपुर पुलिस ने शव पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा है,मृतक की जेब में मिले आयुष्मान कार्ड से उसकी पहचान विश्वनाथ गुप्ता निवासी सतपता के रूप में हुई है,पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलवाकर शव की शिनाख्त कराई है,परिजनों के मुताबिक वह सुबह घर से निकला था,मृतक कार्मेल स्कूल के पास फुल्की चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था,दोपहर में उसकी लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली,रेल प्रबंधन के मुताबिक वह अंबिकापुर शहडोल मेमू के सामने अचानक आ गया।घटना शनिवार दोपहर पौने 2 बजे की बताई गई है।वृद्ध ने जान बुझ कर आत्महत्या की है या नशे के हालत में ट्रैक पार करने के प्रयास में उसकी जान गई, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

अलग अलग घटनाओं दो लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तालाब में डूबने और गिरने की अलग अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम चैनपुर टिकरापारा निवासी जय नंदन आ. स्व. भोकू राम (71 वर्ष) 7 अक्टूबर को गांव स्थित दुल्ही तालाब में हाथ मुंह धोने और स्नान करने गया था। जैसे ही स्नान करने लिए तालाब में उतरा तभी गहरे पानी में डूबने लगा। इसी बीच तालाब के समीन मौजूद बच्चों ने तत्काल घटना की सूचना परिजन को दी। सूचना पर परिजन ने वृद्ध को तालाब से बाहर निकाल कर लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीत रात उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

दूसरी घटना में सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम राधापुर धौरापारा निवासी राम रतन उर्फ रामरथ आ. अमर साय (25 वर्ष) पिछले कुछ दिनों से घर में अकेला था जबकि बड़ा भाई राजेश पोर्ते व पिता बोरिंग गाड़ी में काम करने इंदौर गए थे। इसी बीच 7 अक्टूबर को तबीयत खराब हो गया और दो दिन बाद 9 अक्टूबर को चक्कर आने से गिर गया। युवक को अचेत देख चाचा धोबन पोर्ते सहित पड़ोसियों ने युवक को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

ग्राम महावीरपुर में सड़क किनारे मिला खून से लथपथ युवक का शव, हत्या किए जाने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर स्थित कालीघाट समीप सड़क किनारे शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक की खून से सनी लाश मिलने से इलाके में दहशत फैल गई, मृतक की पहचान देर शाम तक नहीं हो सकी है। युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान मिलने और पूरा शरीर खून से सना होने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है,मामले की जांच जारी है।

- मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त, फॉरेन्सिक टीम, डॉग स्क्वायड और साइबर सेल की टीम ने जुटाए साक्ष्य



प्राप्त जानकारी अनुसार, शनिवार की सुबह महावीरपुर ग्राम पंचायत के सरपंच ने जयनगर पुलिस को पंचायत सड़क पर नाली के किनारे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया और एफएसएल, डॉग स्क्वायड तथा साइबर सेल की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। मृतक युवक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी गई है,उसने लाल रंग की टी-शर्ट और नीले रंग का पैजामा पहन रखा था,शव एनएच-43 से लगे क्षेत्र में पंचायत भवन की ओर जाने वाली सड़क पर नाली के पास मिला। बताया जाता है कि शाम ढलने के बाद इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही कम हो जाती है।

किसी अन्य जगह हत्या कर शव लाकर फेंके जाने की आशंका

शव की स्थिति और शरीर पर चोट के निशान को देखते हुए पुलिस इस आशंका से भी जांच कर रही है कि युवक की हत्या कहीं अन्य स्थान पर करने के बाद शव को यहां लाकर फेंका गया गया है, हालांकि, घटना की वास्तविक परिस्थितियों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल जयनगर पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है। साथ ही घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है।

सब-जूनियर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, महिलाओं-बालिकाओं ने मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती से पहले शहर में अग्रवाल समाज का उत्सव लगातार रंग जमा रहा है।

- कई मनोरंजक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह, अग्रसेन चौक पर होगी महाआरती

अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों में समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी में पुरुषों और बच्चों के लिए सब-जूनियर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता तथा महिलाओं और बालिकाओं के लिए डांस विद योर पार्टनर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सब-जूनियर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों को देखकर लोगों उत्साह बढ़ाया और सराहना की। डांस विद योर पार्टनर प्रतियोगिता में महिलाओं और बालिकाओं ने अपने साथियों के साथ ताल से ताल मिलाकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता ने दर्शकों का विशेष ध्यान खींचा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं के लिए म्यूजिकल हाउजी प्रतियोगिता भी रखी गई। साथ ही पुरुषों और बच्चों के लिए ह्यूमन लूडो, सीप ताश और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बिंदी लगाओ प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कार्यक्रम का संचालन किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जयंती उत्सव में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सराहनीय है। इन आयोजनों के माध्यम से समाज के लोग एकजुट हो रहे हैं और शिक्षा, सेवा, भाईचारे तथा समाज की उन्नति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयंती से पहले आयोजित प्रतियोगिताएं हर आयु वर्ग को जोड़ने के साथ महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देती हैं। आयोजनों को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, मनोज जैन, रुपेश मित्तल,विनोद अग्रवाल, कैलाश गोयल, जनम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विजय बंसल,सुशील गोयल,अश्वनी लाल गर्ग, आयुष अग्रवाल और सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। महिला सभा की अध्यक्ष मधु अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु गर्ग, सचिव ममता गर्ग, अंजू पोद्दार, मंजू अग्रवाल, प्रेमलता गोयल, नीलिमा अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया और कविता अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने आयोजन में भूमिका निभाई। युवा मंच के अध्यक्ष अतुल बंसल के साथ शुभम अग्रवाल, आर्यु गर्ग, आदित्य अग्रवाल, निखिल गोयल, तनिष गर्ग, अंश केडिया, दीप अग्रवाल, यश मित्तल, ओम गर्ग और हर्ष गोयल भी सक्रिय रहे। युवती मंच की अध्यक्ष शिखा अग्रवाल के साथ वैष्णवी अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, वैशाली गोयल, नेहा गर्ग, आस्था अग्रवाल, युक्ति तायल और साक्षी गोयल, श्रीमती संगीता अग्रवाल, श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, श्रीमती स्तुति अग्रवाल, श्रीमती राधिका अग्रवाल, श्रीमती इशिका अग्रवाल, श्रीमती निकिता सिंघल, प्रिया अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल सहित पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



आज निकलेगी अग्रसेन जयंती की भव्य शोभायात्रा

भगवान अग्रसेन की जयंती पर रविवार को शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिन की शुरुआत सुबह करीब 5 बजे प्रभात फेरी से होगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे हवन-पूजन किया जाएगा। सुबह करीब 11 बजे समाज के लोगों के लिए अग्रसेन भोज का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे नगर के विभिन्न मार्गों से धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें समाज के लोग उत्साहपूर्वक शामिल होंगे। शोभायात्रा अग्रसेन चौक पहुंचेगी जहां भगवान अग्रसेन की महाआरती की जाएगी। होटल में प्रश्न मंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम चरण आयोजित होगा। जयंती उत्सव के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समाज का गौरव बढ़ाने वाले अन्य प्रतिभाशाली लोगों का भी सम्मान होगा।

ग्राम पंचायत सिंगरी के ग्रामीणों को खराब ट्रांसफार्मर से मिली राहत

पोड़ीमोड़। एक पखवाड़े से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को उस राहत मिली जब शिव भजन मरावी के प्रयासों ने खराब ट्रांसफार्मर को बदल नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। पिछले 15 दिन से ग्रामीण बिजली सप्लाई बंद होने से काफी परेशान थे।

ग्राम पंचायत सिंगरी में 15 दिन पूर्व ही ट्रांसफार्मर खराब गया था जिससे गांव में बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई। ऐसे में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बिजली न होने से रात में अंधेरा, पीने के पानी की किल्लत और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होने लगी। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग से शिकायत की लेकिन विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसका खामियाजा गांव के लोगों को भुगतना पड़ रहा था। इसी बीच ग्रामीणों ने समाजसेवी शिवभजन सिंह मरावी से संपर्क कर अपनी समस्या से अवगत कराया। शिव भजन सिंह मरावी ने



मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की और तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगवाने की पहल की। शिव भजन मरावी की पहल से आज ग्राम पंचायत सिंगरी में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है, जिससे गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। ट्रांसफार्मर लगने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने कहा कि श्री मरावी हमेशा गरीबों और ग्रामीणों की मदद के लिए आगे रहते हैं।

2 लाख रुपये की उठाईगिरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रतापपुर। दो लाख रुपये की उठाईगिरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकद 1 लाख 37 हजार रुपए सहित घटना में उपयोग की गई बाइक को जब्त किया है। आरोपियों ने पीड़ित व्यक्ति जो बैंक से रुपए निकाल कर झोला में रखा था तभी आरोपियों ने मौका पाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने घटना में शामिल फरार अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम मानपुर खड़गवां निवासी रामसेवक गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 18 सितंबर को स्कुटी क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 9297 से प्रतापपुर आया था तथा सहकारी व स्टेट बैंक से 2 लाख रूपये निकाल कर प्लास्टिक झोला में रखा था जिसे अज्ञात आरोपीयों द्वारा उठाईगिरी कर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2),3(5) 112, 238 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला और तकनीकी संसाधनों व अन्य संकलित साक्ष्यों की मदद ली गई। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने आरोपियों की पतासाजी को और पुख्ता करते हुए उन्हें पकड़ने पुलिस टीम गठित कर जिला जशपुर के लिए रवाना किए। पुलिस की टीम ने बतौली क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम झक्कडपुर स्कूलपारा निवासी संतोष कुमार मीणा उर्फ मोनू नट आ. वासुदेव मीणा (25 वर्ष) व बिहार के कटिहार कोढ़ा अंतर्गत ग्राम जुरावगंज निवासी रोहित यादव आ. सुन्दर यादव (34 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने उठाईगिरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। आरोपियों ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 14 एमडब्ल्यू 3648 के सीट के नीचे एक लाख रुपये को छुपा कर रखा है तथा सफेद गमछा में 37 हजार रूपये भी है। आरोपियों के निशानदेही पर 1 लाख 37 हजार रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर किया। मामले फरार 2 अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पृष्ठ 1 का शेष

अग्रसेन जयंती पर...

पारंपरिक परिधानों में सजे शोभायमान हो रहे थे। युवाओं में इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान महाराजा अग्रसेन पर आधारित भक्तिगीतों से शहर गूंजता रहा। शोभायात्रा के स्वागत के लिए स्वागत द्वार बनाए गए थे वहीं इंदिरा चौक की विशेष सजावट की गई थी। तीनों मार्गों का भ्रमण करने के बाद शोभायात्रा इंदिरा चौक पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान युवकों द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई। तीनों मार्गों का भ्रम'ण करने के बाद शोभायात्रा वापस अग्रसेन भवन पहुचकर समाप्त हुई।

कुनकुरी में आर्ट...

किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग, श्वास संबंधी अभ्यास और ध्यान से तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन तथा मानसिक एकाग्रता को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। भागदौड़ भरी दिनचर्या में स्वयं के लिए समय निकालना और मन को शांत रखने का अभ्यास करना जरूरी है।

पहले दिन प्रतिभागियों में दिखा उत्साह- शिविर के पहले सत्र के समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में व्यस्त दिनचर्या और बढ़ते मानसिक दबाव के बीच योग एवं ध्यान का अभ्यास काफी उपयोगी हो सकता है। ऐसे शिविर लोगों को आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच और बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की पहल से मिली विकास कार्यों के लिए राशि की सौगात

विस की तीनों नगर पंचायतों को मिलेंगे 1-1 करोड़ रूपए

हरिभूमि न्यूज : प्रतापपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रतापपुर आगमन पर स्थानीय हनुमान मंदिर प्रांगण में विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते एवं क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की तीनों नगर पंचायतों के लिए एक-एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के विशेष आग्रह पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने यह घोषणा की। इससे तीनों नगर पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने की उम्मीद है। हालांकि राशि किन-किन कार्यों में खर्च की जाएगी, इसे लेकर विस्तृत जानकारी सामने आना शेष है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विधायक क्षेत्र के विकास के लिए लगातार मेहनत कर रही हैं और विभिन्न विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। तीनों नगर पंचायतों को एक-एक करोड़ रुपये की घोषणा से स्थानीय स्तर पर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, नागरिक सुविधाओं में सुधार और अन्य आवश्यक विकास कार्यों के लिए अवसर मिलने की उम्मीद है। क्षेत्रवासियों को अब यह अपेक्षा है कि घोषित राशि से संबंधित प्रक्रिया पूरी कर विकास कार्यों को जल्द धरातल पर उतारा जाएगा। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते क्षेत्र की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को शासन के समक्ष रखने और विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराने की मांग करती रही हैं। इस घोषणा को विधानसभा क्षेत्र की नगरीय विकास योजनाओं की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। तीनों नगर पंचायतों के लिए घोषित एक-एक करोड़ रुपये की राशि से स्थानीय विकास को कितना लाभ मिलेगा, यह आगामी समय में स्वीकृत कार्यों और उनके क्रियान्वयन से स्पष्ट होगा।



उप मुख्यमंत्री का स्वागत करते विधायक सकुंतला पोर्ते।



'द ओडिसी' ने भारत में रचा इतिहास, आईएमएएक्स से 100 करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म बनी

मुंबई। हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' ने भारत में इतिहास रच दिया है। सिर्फ आईएमएएक्स स्क्रीन्स के जरिए 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इससे पहले किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय फिल्म ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। यह फिल्म 17 जुलाई, 2026 को भारत और दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसने 16 सितंबर को अपने 9वें हफ्ते में यह आंकड़ा पार किया, जिसका आधिकारिक ऐलान अब किया गया है। निर्माताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, फिल्म की कुल भारतीय कमाई में आईएमएएक्स का योगदान लगभग 43 प्रतिशत रहा, जबकि देशभर में कुल स्क्रीनों में से सिर्फ 1 प्रतिशत से कुछ ज्यादा स्क्रीन आईएमएएक्स द्वारा प्रदर्शित की गई थीं। इस उपलब्धि के साथ, 'द ओडिसी' भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे कमाऊ आईएमएएक्स फिल्म बन चुकी है।

लाइफ Style

यामी गौतम

यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' दशहरा के मौके पर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है। फिल्म का ट्रेलर निर्माताओं द्वारा जारी किया जा चुका है, जिसमें अभिनेत्री का अब तक का सबसे अलग किरदार दिखा।

'नई नवेली' के गाने में जमकर झूमीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब इसका नया गाना 'फटा पटाखा' यूट्यूब पर जारी किया गया है जो ऊर्जा से भरपूर एक धमाकेदार डांस पार्टी पर केंद्रित है। इसमें जॉम्बी के साथ यामी का डांस देखने लायक है। यह गाना सुनने वालों को झूमने पर मजबूर कर देगा। जॉम्बी पार्टी करती दिखीं यामी, दिखी अनोखी दुनिया जी म्यूजिक कंपनी द्वारा अमेजन, एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो के सहयोग से प्रस्तुत, 'फटा पटाखा' को मधुबंती बागची ने आवाज दी है।

संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है और बोल वायु ने लिखे हैं। गाने के वीडियो में जॉम्बी की एक अनोखी दुनिया दिखती है, जिसमें यामी डांस कर रही हैं। बालाजी मोहन द्वारा निर्देशित 'नई नवेली' एक मनोरंजक-पारिवारिक फिल्म है, जिसमें कॉमेडी, रहस्य और रोमांच का तड़का लगाया गया है। यह 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



दुर्लभ जीवों को बचाने देंगे 1,700 करोड़

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने विलुप्त होने की कगार पर खड़े दुर्लभ जीवों को बचाने के लिए एक बड़ी वैश्विक पहल की है। डिकैप्रियो के संगठन 'री:वाइल्ड' और 'बेजोस अर्थ फंड' ने मिलकर 'फोनिक्स स्पीशीज प्रोजेक्ट' की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की 100 अति-संकटग्रस्त प्रजातियों, जिनमें पैंगोलिन, सालामैंडर और दुर्लभ जंगली सूअर शामिल हैं, जिनके संरक्षण के लिए लगभग 1,700 करोड़ रुपये की भारी-भरकम वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस पहल के लिए कुल 1,700 करोड़ रुपये का फंड तैयार किया गया है। इसमें से 850 करोड़ रुपये 'बेजोस अर्थ फंड' ने दिए हैं, जबकि बाकी 850 करोड़ रुपये डिकैप्रियो के 'री:वाइल्ड', 'एज ऑफ यूनियन' और 'टॉड ग्रेव्स फैमिली फाउंडेशन' से मिले हैं।



कीगन एलन के साथ हुई बंदूक की नोक पर लूटपाट

लॉस एंजिल्स। 'प्रीटी लिटिल लायर्स' और 'वॉकर' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हॉलीवुड अभिनेता कीगन एलन के साथ एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। बंदूक की नोक पर उनके साथ लूटपाट की गई और उनके साथ मारपीट भी हुई। ये हादसा वेस्ट हॉलीवुड में हुआ, जहां 2 नकाबपोशों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद अभिनेता ने अपना एक वीडियो साझा किया और दावा किया कि वेस्ट हॉलीवुड अब सुरक्षित नहीं है। ये घटना बुधवार को हुई, जब एलन एक किराने की दुकान के बाहर थे। हमलावरों ने पहले उनके सिर पर वार किया, उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनकी घड़ी चुरा ली। उन्होंने हमले क्लिप भी साझा किया। इसमें काले कपड़े पहने 2 लोग अभिनेता के पास आते और उन पर बंदूक तानते हुए दिख रहे हैं। एलन अपनी घड़ी उन्हें सौंपते हुए दिखाई देते हैं, जिसके बाद एक लुटेरा उनके सिर पर वार करता है। इस घटना से जुड़ा जो वीडियो एलन ने साझा किया, उसमें उनका सिर खून से लथपथ था। उन्होंने बताया, 2 नौजवानों ने बंदूक और चाकू की नोक पर मुझसे लूटपाट की। उन्होंने मेरी घड़ी के लिए मुझे जान से मारने की धमकी दी और मार भी डालते।



पैपराजी पर फूटा गुस्सा... अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सालों से बॉलीवुड से दूरी बनाने वालीं बिपाशा बसु अब फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह इन दिनों मुंबई में अपनी नई वेब सीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, उनसे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने सवाल उठाए हैं कि बिपाशा वीडियो में पैपराजी पर भड़क गईं थीं, जिस पर अब अभिनेत्री ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सफाई दी है। वीडियो में बिपाशा एक फिल्म स्टूडियो के बाहर दिखाई दीं, जहां पैपराजी भी मौजूद थे। इस दौरान वह जल्दी में लगीं और कथित तौर पर पैपराजी पर भड़क गईं। अभिनेत्री ने कहा, चलिए यहां से, किसने बुलाया आपको? इस वीडियो को एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने साझा करते हुए बिपाशा पर उंगली उठाई कि वह पैपराजी को नजरअंदाज कर रही हैं और उन पर गुस्सा करती नजर आई हैं।



नानी ने किया निथिन की 'एलियास रुक्मिणी' का ऐलान

मुंबई। नानी अब एक नई तेलुगू फिल्म 'एलियास रुक्मिणी' के प्रस्तुतकर्ता बन गए हैं। यह फिल्म निथिन अभिनीत है और 4 दिसंबर, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह घोषणा अभी हुई है, साथ ही 13 अक्टूबर को फिल्म के मुख्य किरदार के बारे में और जानकारी देने का वादा किया गया है। नानी ने इस फिल्म को 'साल की सबसे खूबसूरत तेलुगू फिल्म' बताया है। मुरली कांत देवसोथ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है और इसके निर्माता दीप्ती गांटा हैं। फिल्म की कहानी में एक दिलचस्प मोड़ है, जहां निथिन का किरदार खुलासा करता है कि रुक्मिणी, जिसका नाम एक लेखक के तौर पर सामने आता है, असल में उसकी पत्नी है। फिल्म की पहली शूटिंग शेड्यूल सितंबर में पूरी हो गई थी, जिसमें साई कुमार और हर्षा वर्धन जैसे कलाकार भी शामिल हुए थे।

टीवी मसाला



माधुरी दीक्षित के शो में आने वाले थे नाना पाटेकर, अब इस अभिनेत्री ने ली जगह

मुंबई। नाना पाटेकर सोनी मराठी के आगामी क्विज शो 'कोण होणार करोडपती' के पहले एपिसोड में आने वाले थे। शो की मेजबानी माधुरी दीक्षित कर रही हैं, जो दिग्गज अभिनेता के साथ फिल्म 'वजूद' (1998) में काम कर चुकी हैं। यह शो नाना और माधुरी के लंबे समय बाद पुनर्मिलन का प्रतीक बनने वाला था, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं हो सका। अभिनेता का 8 अक्टूबर को 75 साल की उम्र में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, निधन से पहले नाना 'कोण होणार करोडपती' की शूटिंग करने वाले थे। अब उनकी जगह अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे को बतौर मेहमान प्रीमियर एपिसोड में देखा जाएगा। शो 12 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसके साथ ही माधुरी व सोनाली पहली बार एक साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। दोनों का भारतीय सिनेमा में करियर काफी लंबा रहा है, लेकिन इसके बावजूद माधुरी और सोनाली ने कभी किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर नाना की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने लिखा था, 'एक महान कलाकार, एक सशक्त व्यक्तित्व और एक अविस्मरणीय आवाज... नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत ने एक अनमोल और दिग्गज अभिनेता को खो दिया है। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। यह मेरी ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि है।'

'बिग बॉस 20' में आम्रपाली दुबे ने स्काउटओपी की लव गिल से करीबी पर उठाए सवाल

'बिग बॉस 20' के घर में उस वक्त थोड़ा अजीब माहौल बन गया, जब आम्रपाली दुबे ने प्रतियोगी स्काउटओपी (तन्मय सिंह) और लव गिल के बीच बढ़ती नजदीकियों पर ध्यान दिलाया। दरअसल, स्काउट ने लव को उनकी शर्ट के अंदर से मसाज दिया था। इसके बाद आम्रपाली ने लव से बातचीत की और समझाया कि बाहर से देखने वालों को उनके ये काम कैसे लग सकते हैं। आम्रपाली ने लव को बहुत नरमी से समझाया कि उन्हें थोड़ा सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे पल उनके उन पार्टनर्स पर असर डाल सकते हैं, जो बाहर इंतजार कर रहे हैं। भले ही स्काउट ने लव के साथ अपने रिश्ते को भाई-बहन जैसा बताया हो, पर उन्होंने ये भी माना है कि उन्हें पजेसिवनेस महसूस होती है। फैंस ने इस बात पर खास ध्यान दिया है, क्योंकि उनकी गर्लफ्रेंड काश्वी हीरानंदानी शो के बाहर हैं।



'बिग बॉस' मलयालम 8 में विपिन दास की धमाकेदार एंट्री

मुंबई। एक बड़े एविक्शन के बाद, विपिन दास नैर ने 'बिग बॉस मलयालम 8' में वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री की है, जिससे शो में हलचल मच गई है। वे अभिनय के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं और साथ ही कंटेंट क्रिएटर व आर्टिस्ट के तौर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने 2023 में 'द नेक्स्ट टॉप एंकर' शो में हिस्सा लिया था, जिसमें नायला उषा, साबूमोन, कार्तिक सूर्या और मीनाक्षी जैसे मशहूर लोग जज थे।



विपिन ने शो में भरी ऊर्जा

रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रखने और 'भरतनाट्यम' में एक छोटे से विवाद के बाद, विपिन 'बिग बॉस मलयालम' में अपनी अनोखी एनर्जी और कन्फेशन रूम के मजेदार पलों के साथ छा गए हैं। खास बात यह है कि मलयालम पढ़ने में उन्हें मुश्किल हो रही है, जिससे उनके 'बिग बॉस' के सफर को एक अनूठा मोड़ मिल गया है। इससे फैंस भी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि वह आगे इस खेल में क्या बदलाव ला सकते हैं।

स्वरा-प्रियंका का खेल बिगाड़ने आ रहे ऋषभ, जशवंत और सोनम मलिक

मुंबई। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में अब 3 नए वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों की एंट्री होने वाली है। इनमें अभिनेता और कंटेंट क्रिएटर ऋषभ जायसवाल, रियलिटी शो स्टार जशवंत बोपन्ना और अभिनेत्री सोनम मलिक के नाम शामिल हैं। शो को पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग होस्ट कर रहे हैं। स्वरा भास्कर और प्रियंका चाहर चौधरी जैसे प्रतियोगियों के बीच इन नए सदस्यों की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।



शानदार प्रोमो से हुई वाइल्ड कार्ड्स की घोषणा

नए प्रतियोगी ऋषभ मशहूर टीवी एक्टर और कंटेंट क्रिएटर, जशवंत जानी-मानी रियलिटी टीवी पर्सनैलिटी और सोनम एक अभिनेत्री हैं। इसकी घोषणा अमेजॉन एमएक्स प्लेयर के अधिकारी सोशल मीडिया पेज पर की गई है। शानदार प्रोमो साझा करते हुए लिखा गया, 'एक नहीं, 2 नहीं, अब सीधा 3 नए प्लेयर। टावर का बैलेंस हिलने वाला है।' अब देखना ये होगा कि इन तीनों में कौन रूलर बनकर पेंटहाउस जाता है और कौन बेसमेंट का वर्कर बनता है।

शो में आने से पहले ही मिल गए थे संकेत

इस आधिकारिक घोषणा से पहले ही तीनों प्रतियोगियों ने सोशल मीडिया पर शो में आने के संकेत देने शुरू कर दिए थे। ऋषभ, सोनम और जशवंत ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चेहरे छिपाकर और हाथों में काले रंग के वाइल्ड कार्ड लेकर तस्वीरें साझा की थीं।ऋषभ इससे पहले स्प्लिट्सविला 14' और 'रोडीज सीजन 19' में नजर आ चुके हैं, वहीं जशवंत भी रोडीज का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने 'स्प्लिट्सविला 15' का खिताब अपने नाम किया था।

ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया

'रामायण' के गाने का लॉन्च इवेंट रद्द, टालना पड़ा नवरात्रि का बड़ा कार्यक्रम

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण पार्ट 1' जल्द ही दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। इसी बीच रविवार, 11 अक्टूबर को महाराष्ट्र के रामटेक में इस फिल्म के एक गाने का लॉन्च इवेंट आयोजित होने वाला था। हालांकि, नवरात्रि के पहले दिन होने वाले इस इवेंट को टाल दिया गया है। ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया है, जिससे किसानों को राहत पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।



रामायण की टीम भी किसानों की मदद से लिए तैयार

पोस्ट में आगे लिखा गया, 'इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामटेक की भूमि के महत्व को उजागर करना था, जिसे भगवान श्री रामचंद्र के चरणों के स्पर्श से पवित्र किया गया था।' उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात में किसानों की मदद करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जयसवाल ने आगे कहा कि फिल्म की टीम ने किसानों की मदद करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने उन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इस इवेंट का प्रचार किया था।

इंस्टाग्राम पर की गई थी इसकी घोषणा

स्थानीय विधायक आशीष जायसवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें रामायण की टीम के साथ होने वाले भव्य इंटरैक्शन प्रोग्राम को टालने की घोषणा की गई थी। हालांकि, अब ये वीडियो उपलब्ध नहीं है। पोस्ट के कैप्शन में जायसवाल ने लिखा, 'हम आप सभी को बताना चाहते हैं कि 11 अक्टूबर को रामटेक में होने वाला 'रामायण' की पूरी टीम के साथ एक बड़ा कार्यक्रम कुछ जरूरी वजहों से टाल दिया गया है।'

'रामायण' की टीम की तरफ से नहीं आई कोई जानकारी

इस इवेंट के टलने के बाद, अभी यह साफ नहीं है कि निर्माता इसे ऑनलाइन रिलीज करेंगे या किसी और लॉन्च इवेंट की योजना बनाएंगे। टीम ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

खबर संक्षेप

स्कूल- कॉलेजों के ईएलसी को ट्रेनिंग

रायगढ़। जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के ईएलसी समन्वयकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सृजन सभा कक्ष रायगढ़ में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरने तथा प्रत्येक संस्था में निर्वाचन साक्षरता क्लब के गठन की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में अक्टूबर 2026 में छूटे हुए पात्र नागरिकों और नए पात्र युवा मतदाताओं का पंजीयन करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य ऐसे सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अभी तक दर्ज नहीं हो पाया है। पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ईसीआईनेट मोबाइल ऐप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

लैलूंगा में टिकरा जमीन पर लहलहाई फसल

रायगढ़। ग्राम केंदाटिकरा के सुखदेव सिदार और ग्राम लैलूंगा के चंद्रशेखर पटेल ने टिकरा जमीन पर बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत सन की फसल लगाई है। दोनों के खेतों में लहलहाती फसल अब दूसरे किसानों का ध्यान भी वैकल्पिक खेती की ओर खींच रही है। कम पानी वाली जमीन पर फसल का बेहतर उपयोग और बीज उत्पादन के जरिए आमदनी बढ़ाने की दिशा में यह विशेष प्रयास है। सन केवल बीज उत्पादन तक सीमित नहीं है। इसके रेशों से रस्सी बनाई जाती है, जिसका उपयोग बोरियों और खाट की बुनाई सहित विभिन्न कामों में होता है। इसकी हरी फसल को खेत में मिलाकर हरी खाद के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ाने और रासायनिक उर्वरकों की जरूरत कम करने में मदद मिलती है।

22 पुलिस अधिकारी जवानों ने किया रक्तदान

रायगढ़। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्षित केंद्र रायगढ़ में आयोजित इस शिविर में पुलिस विभाग के 22 अधिकारी और जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए अपना योगदान दिया। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अमित सिंह ने भी रक्तदान किया। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकताए आपसी सद्भाव और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रायगढ़ पुलिस ने रक्तदान शिविर के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

जांच के लिए कॉस्मेटिक्स प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



रायगढ़। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा विभिन्न कॉस्मेटिक्स प्रतिष्ठानों और मेडिकल दुकानों की जांच की गई। इस दौरान औषधियों के तीन नमूने भी लिए गए। इसमें लक्ष्मीनारायण वासुदेव, नीतू बैंगल्स और सरदार बैंगल्स की जांच की गई। इस दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध कॉस्मेटिक्स उत्पादों तथा उनकी बिक्री से संबंधित जानकारी और अभिलेखों की जांच की गई। वहीं औषधि प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान रजत एजेंसी शाखा पतरापाली से एक तथा मां सतचंडी फार्मास्यूटिकल्स गांधीगंज से दो औषधि नमूने लिए गए। इन तीनों नमूनों को नियमानुसार गुणवत्ता परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा धरमजयगढ़ स्थित नरेश मेडिकल, दुलेश मेडिकल और कैलाश मेडिकल का भी निरीक्षण किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा शासन के निर्देशानुसार जिले में कॉस्मेटिक्स एवं औषधि प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान निर्धारित मानकों के पालनए बिक्री संबंधी अभिलेखों तथा उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है।

अलग-अलग स्थानों पर नहीं बनाए जाते पंडाल

एकता की अद्भुत मिसाल: कोतबा नगर में एक ही जगह पर विराजती हैं मां दुर्गा

कोतबा। शाश्वत वैदिक मंत्रोच्चार, शंख की ध्वनि और माता रानी के गगनभेदी जयकारों के साथ 11 अक्टूबर को धर्मनगरी कोतबा और आसपास के अंचल में शारदीय नवरात्र महोत्सव का आगाज हो गया है। आज से शुरू होकर अगले नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व को लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह का माहौल है। पूरा इलाका शक्ति की भक्ति में लीन हो गया है और विधि-विधान से पूजन-अर्चना की शुरुआत कर दी गई है।

धर्मनगरी कोतबा क्षेत्र अपनी एकता और अखंडता के लिए पूरे अंचल में एक अनूठी मिसाल बना हुई है। वर्षों से यहां यह गौरवशाली परंपरा रही है कि पूरे नगर में जगह-जगह अलग-अलग मूर्तियां स्थापित करने के बजाय, नगर के हृदयस्थली 'तिलगोड़ा प्रांगण' में केवल एक ही स्थान पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है। यह एकमात्र पूजा स्थल पूरे क्षेत्र की आस्था का सबसे बड़ा और इकलौता केंद्र है। यहां रोजाना होने वाली महाआरती का दृश्य बेहद अलौकिक होता है, जिसमें एक ही समय पर 5,000 से अधिक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। कोतबा ही नहीं, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों से रोजाना हजारों की संख्या में भक्त मां के दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए यहां पहुंचते हैं। नवरात्र पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धर्मनगरी कोतबा के तिलगोड़ा मैदान मे दुर्गा पूजा पंडाल का आयोजन धूमधाम से किया जा गया है। जिसमे पहले दिन नगर में भव्य कलश यात्रा निकली गई जिसमें 2100 कलश में सतिघाट धाम से जल उठा कर कन्याओं व महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा तिलगोड़ा से आरम्भ हो कर बस स्टैंड से मुख्य मार्ग होते हुवे सतिघाट धाम पहुँची जहाँ हजारों महिलाओं व बालिकाओं ने कलश में जल भर कर मुख्य मार्ग से राम मंदिर पारा होते हुवे नदी से जल भर कर कलश शोभा यात्रा पूजा स्थल पहुंची। इस भव्य कलश शोभा यात्रा के दौरान ढोल - ताशा व गाजे - बाजे की धुन पर माता रानी के जयकारे लगाते हुवे बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई है



2100 से अधिक महिलाओं ने निकाली पदयात्रा

तिलगोड़ा मैदान में आयोजित होने वाली इस भव्य और एकमात्र दुर्गा पूजा के लिए नवरात्र के प्रथम दिन निकाली गई कलश शोभा यात्रा आस्था और परंपरा का एक अनूठा संगम रही। इस वर्ष कलश यात्रा ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया, जिसमें 2100 से अधिक महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने पवित्र कलश धारण कर पदयात्रा में हिस्सा लिया। लाल, पीले, गुलाबी और चुनरी प्रिंट वाले पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं जब आम के पल्लव और नारियल से सुसज्जित पवित्र जल कलश लेकर एक साथ निकलीं, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभा यात्रा के अग्रभाग का नेतृत्व पारंपरिक सफेद धोती, कुर्ता और गमछा पहने हुए पुरुषों की टोली कर रही थी, जो पूरी ऊर्जा के साथ ढोल, मांदल, ताशा और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हुए चल रहे थे।

अस्त्र-शस्त्र के साथ झूमते दिखे देवी उपासक

नगर की दूसरी कलश यात्रा में सबसे बड़ा आकर्षण गौड़पारा से निकली विशेष शोभा यात्रा रही। नगर सहित क्षेत्र के देवी भक्तों ने गौड़पारा से एक विशाल जत्थे के रूप में प्रस्थान किया।भव्य कलश यात्रा देखने मिली जिसमे पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ जसगीत गाते हुवे भक्त झुपते हुए कलश यात्रा में शामिल हुए थे जिसमें पारम्परिक अस्त्र शस्त्र खड़क,त्रिशूल, गदा,कोड़ा लिये झुपते नजर आए इतना ही नही जगह जगह के भक्त कील की बने पाटे पर नाचते लौटते हुए कलश यात्रा में शमिलित हुए थे। कलश यात्रा में भक्तों में शावर माता के दर्शन को भक्तों की कतार लगने लगी थी। ढोल-नगाड़ों और माता के जसगीतों की धुन पर देवी उपासक पूरी तरह से भक्ति में सराबोर नजर आए। इस यात्रा में भक्त पारंपरिक और पौराणिक अस्त्र-शस्त्रों खड़क, त्रिशूल, गदा और कोड़ा निम सोटा धारण किए हुए थे। वाद्ययंत्रों की तेज थाप पर लाल साड़ियों में सजी महिलाएं और अन्य उपासक करतब दिखाते और झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। आस्था का चरम ऐसा था कि कई भक्त नुकीली कीलों से बने पाटे पर लेटते और नाचते हुए माता के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा प्रकट कर रहे थे।

सतीघाट पर कलश में भरा गया जल

ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए नगर नगर भ्रमण कर राम मन्दिरपारा परशुराम चौक होकर यह विशाल जनसैलाब सतीघाट धाम पहुंचा। प्राकृतिक नदी, बड़े-बड़े पत्थरों और संकरी पुलिया से होकर गुजरती हुई 2100 से अधिक कलशधारी महिलाओं की लंबी कतारों ने एक बेहद मनोरम छटा बिखेरी। सतीघाट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर और नदी की जलधारा के बीच स्थापित नाग देवता की मूर्ति के समीप वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच सभी कन्याओं और महिलाओं ने अपने कलशों में पवित्र जल भरा।

जयकारों के बीच पूजा स्थल पर स्थापना

सतीघाट से जल भरने के पश्चात यह भव्य कलश यात्रा पुनः एक विशाल कतार में तब्दील हो गई। ढोल-ताशे की धुन और 'जय माता दी' के नारों के बीच यह पदयात्रा बस स्टैंड, मुख्य मार्ग, राम मंदिर पारा और परशुराम चौक होते हुए अपने गंतव्य, तिलगोड़ा प्रांगण स्थित दुर्गा पूजा पंडाल तक पहुंची। यहां विद्वान पंडितों द्वारा पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ सभी 2100 से अधिक कलशों की स्थापना कराई गई और इसके साथ ही शारदीय नवरात्र की नौ दिवसीय विशेष पूजा का विधिवत शुभारंभ हुवा।



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर निकली जागरूकता रैली

जशपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला जशपुर द्वारा जन-जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम निजी अनुभवों को सुना गयारू असली आवाजें, असली बदलाव" के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यक्तिगत अनुभवों को सुनने, समझने और सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. घनश्याम जात्रा के नेतृत्व एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस. एल. सिद्धार्थ की अगुवाई में भव्य जन-जागरूकता रैली निकाली गई।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिया संदेश

रैली में नर्सिंग छात्राओं सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से नगरवासियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, मानसिक समस्याओं के लक्षणों को पहचानने तथा समय पर परामर्श और उपचार लेने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के समापन के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें डॉ. अबरार खान ने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक कार्यक्षमता को प्रभावित करता है और यह समग्र स्वास्थ्य का अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण नींद, संतुलित पोषण, तनाव का प्रभावी प्रबंधन और सकारात्मक सामाजिक संबंध मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. खान ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं केवल व्यक्तिगत कमजोरी का परिणाम नहीं हैं, बल्कि इनके पीछे जैविक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय कारक भी जिम्मेदार हो सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. घनश्याम जात्रा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को भी शारीरिक स्वास्थ्य की तरह प्राथमिकता देना आवश्यक है। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. राजेश कुरील, अस्पताल सलाहकार विभाग के वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी विवेक कुजूर तथा साइकियाट्रिक सोशल वर्कर दीपक साहू की सराहनीय एवं सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के निरंजन मानिक, जगत चक्रेश, सीमा तिग्गा, जीरामणि भगत सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर विद्यालय को गर्व: राय

जशपुरनगर। शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (मॉडल स्कूल), जशपुर में शनिवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह (रीयूनियन) का भव्य एवं आयोजन किया गया।

वर्ष 1985 बैच से लेकर वर्तमान तक के पूर्व छात्रों की सहभागिता से आयोजित इस समारोह में पुरानी यादें ताजा हुईं, गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट किया गया तथा विद्यालय की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार राय, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में ओमप्रकाश सिन्हा, विकास सोनी तथा जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य अरविंद कुमार जायसवाल, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता एवं एम. जेड. यू. सिद्दीकी सहित पूर्व शिक्षक डी. पी.

गुरुजन का सम्मान और विद्यार्थियों को सफलता का संदेश

सारथी, एल. डी. चौहान, के. सी. चौहान, ए. के. टोप्पो, सुंदरलाल निराला और जे. के. सिदार की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के प्राचार्य खान वक्कारुज्जमां खां ने स्वागत उद्बोधन दिया। 1985 बैच के पूर्व छात्र सुरेश सिंह भूपाल ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। विद्यालय के पूर्व शिक्षक और सेवा निवृत्त प्राचार्य अरविंद कुमार जायसवाल एवं एम. जेड. यू. सिद्दीकी ने अपने अनुभव साझा किए। विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश सिन्हा ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार राय ने मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता निशा पांडेय एवं शिक्षिका श्रीमती प्रेमशीला किस्पोट्टा ने किया। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

150 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मिले खिलौने

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू में राष्ट्रीय पोषण माह का समापन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया के हाथों परियोजना के 150 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए खिलौनों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विभागीय कर्मचारियों और सेक्टर पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद राधेश्याम राठिया ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में माताओं और बच्चों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

योजनाओं से वंचित किसानों ग्रामीणों को लाभ दिलाने की मांग

जशपुरनगर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवप्रकाश तिवारी ने जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर किसानों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने जिला कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग की।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में किसान सम्मान निधि और महतारी वंदन योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों को जोड़ने, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस कनेक्शन और पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की गई। इसके अलावा पेयजल, बिजली, सीसी रोड, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, खेल मैदान और मंदिर निर्माण से जुड़ी समस्याएं भी उठाई गईं। पोरतेंगा, जोकारी, मावटोली, किनकेल, बघिमा, डौस डुमरटोली, गम्हरिया और दहगड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया। ग्रामीणों के जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने, पेंशन सत्यापन और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई।



2.5 किमी सड़क मार्ग का मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण, आवागमन में मिलेगी सुविधा

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले के दूरस्थ एवं सीमावर्ती 2.5 किमी सड़क मार्ग का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण 2.5 किमी सड़क मार्ग का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य पूर्णसड़क कनेक्टिविटी को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सिकरिमा से विदुरपुर तक 2.5 किलोमीटर लंबी डामरीकरण सड़क का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य 89 लाख 53 हजार रुपये की लागत से पूरा कर लिया गया है। सड़क बनकर तैयार होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी। सिकरिमा से विदुरपुर तक सड़क की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीणों को विशेषकर



बरसात के दिनों में आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क का डामरीकरण कार्य पूरा होने से आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को बारहमासी बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा।

सं.क्र./1815/रविन्द्र फोटो क्रमांक 08 से 11

6 फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, राजा सोनी भी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

4 फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार की गई है। इनमें एक ऐसा वारंटी भी शामिल है जिसके खिलाफ थाना कोतवाली और थाना जूटमिल में चोरी, नकबजनी, मारपीट एवं दुर्घटना से संबंधित मामलों में कुल 6 स्थायी वारंट लंबित थे। आरोपी अपनी पहचान छिपाकर और नाम बदलकर लंबे समय से रह रहा



था। थाना कोतवाली पुलिस को आरोपी के अपने घर में छिपे होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राजा सोनी उर्फ राजेश उर्फ मानु सोनी पिता फूलचंद सोनी, उम्र 25 वर्ष निवासी बावलीकुआं धांगरडीपा, शीतला मंदिर के पास थाना कोतवाली के विरुद्ध थाना कोतवाली में चोरी एवं नकबजनी के तीन तथा मारपीट का एक स्थायी वारंट लंबित था। वहीं थाना जूटमिल में चोरी और दुर्घटना से संबंधित एक.एक स्थायी वारंट जारी था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अभियान के तहत अन्य थाना क्षेत्रों में भी कार्रवाई की गई। थाना तमनार पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी परसराम उर्फ गांडा परजा पिता शिवलाल परजा, उम्र 23 वर्षए निवासी बागबाड़ी थाना तमनार को गिरफ्तार किया।

वहीं थाना खरसिया पुलिस ने टीका राम कुम्हार पिता नाभी लाल कुम्हार उम्र 40 वर्ष निवासी पामगढ़ वर्तमान पता गीधा थाना

कोडातराई, बोरोडीपा कनकतुरा में नहीं जल रहे एनटीपीसी लारा के 28 हाईमास्ट लाइट

रायगढ़। एनटीपीसी लारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत परियोजना प्रभावित गांवों और समीपस्थ इलाकों में सौर ऊर्जा हाईमास्ट लाइट लगाने की सराहनीय पहल कर रहा है। इसके लिए शासन के क्रेडा विभाग को दायित्व सौंपा गया जिसने टेंडर जारी कर इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाया है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

करोड़ों खर्च कर लगाई गई ये लाइटें कुछ ही महीनों में शो पीस बनकर रह गई हैं। जानकारी के मुताबिक कोडातराई क्षेत्र में 28 सौर ऊर्जा हाईमास्ट लाइट लगाई जा चुकी हैं और 9 जगहों पर इसे लगाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें जनपद कार्यालय तहसील कार्यालय सहित अन्य कई प्रमुख स्थान शामिल हैं। बताया जा रहा है कि कई जगहों पर ये लाइटें जल ही नहीं रही हैं जिसमें



बोरोडीपा कनकतुरा और कोडातराई क्षेत्र की कई हाईमास्ट लाइटें शामिल हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शाम होते ही फिर से वही अंधेरा जिसको दूर करने के लिए ये लाइटें लगाई गई थीं। इस संबंध में क्रेडा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ठेकेदार को 5 साल तक उसके द्वारा लगाई गई लाइटों के रख रखाव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए ठेकेदार को अवगत करा दिया गया है और वह हर स्थान पर जाकर इसे ठीक कर रहा है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी लारा द्वारा विद्युत विहीन क्षेत्रों में आवागमन को सुलभ कराने की दृष्टि से यह कवायद की जा रही है। एनटीपीसी पैसा दे रहा है पर यदि संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी अपनी जिम्मेदारी में लापरवाही बरतेगी तो यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। एनटीपीसी की मंशा गांवों को रोशन करने की है लेकिन रख रखाव के अभाव में शासन की यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। जरूरत है कि संबंधित ठेकेदार को तय समय में सभी बंद लाइटों को चालू करना चाहिए नहीं तो यह राशि का दुरुपयोग ही माना जाएगा।

पुसौर में अब ऑयल पाम की खेती, 15 हेक्टेयर का लक्ष्य

पुसौर। पुसौर उद्यानिकी विभाग को 15 हेक्टेयर का लक्ष्य दिया गया है। पुसौर उद्यान अधीक्षक के मुताबिक शासन द्वारा ऑयल पाम की खेती के लिए पौधों के साथ साथ नलकूप खनन और खेती स्थल के घेराव फेंसिंग के लिए अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि इसकी फसल को बेचने के लिए किसानों को मार्केट खोजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि शासन स्वयं इसके लिए बाजार उपलब्ध कराएगी। यदि किसान चाहें तो स्वयं तेल निकालकर भी इसकी बिक्री कर सकते हैं। 15 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुई प्रगति को लेकर उद्यान अधीक्षक सिदार ने बताया कि जकेला ग्राम के जितेन्द्र कुमार प्रधान ने 1 हेक्टेयर में, टिनमिनी में 5 एकड़ में, औरदा के धर्मेन्द्र साव एवं विशाल ने ढाई ढाई एकड़ में रोपण कर चुके हैं जिन्हें पौधे और घेराव की राशि उपलब्ध करा दी गई है। उद्यान अधीक्षक सिदार का कहना है कि यह फसल 30 वर्ष की होती है। एक बार लगाने के बाद इसकी फसल 3 साल में आना शुरू हो जाती है जो प्रति माह फल देता है जिसे तोड़ कर पाम ऑयल बनाया जाता है।

